







# मझगवां ब्लाक में 6 अति गंभीर सहित 18 कुपोषित बच्चे और मिले

## सुपोषित आंगनवाड़ी अभियान के तहत तीन दिन में लगाये 4 स्वास्थ्य शिविर

नवभारत न्यूज

**मझगवां, 17 मई, । जिला प्रशासन की पहल से मझगवां ब्लाक के आदिवासी गांवों में कुपोषण जैसी बीमारी से निजात पाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के सयुंक्त प्रयास से चलाए जा रहे अभियान सुपोषित आंगनवा?ी के तहत विशेष कर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य स्थिति की जांच की जा रही है । इसके साथ ही गांवों के लोगों को भी प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार मिल रहा है। शिविरों में तीन दिन में 6 अति गंभीर और 12 मध्यम कुपोषित बालक - बालिका मिले हैं।**

शिविर के दौरान गम्भीर बीमारियों से ग्रसित पाए गए मरीजों की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य उपचार हेतु जिला अस्पताल जाने की भी सलाह दी जा रही है।

सुपोषित आंगनवा?ी अभियान के तहत लगाए जा रहे स्वास्थ्य शिविरों के इस क?ी में 15 मई 26 को झरी पंचायत के भौउठी एवं पुतरिहा गांवों में स्वास्थ्य कैंप लगाया गया । इस दौरान पुतरिहा एवं भौठी गांवों के 22 बच्चों का वजन, लंबाई, ॠष्ट, हिमोग्लोबिन टेस्ट किया किया, जिसमें मध्यम कुपोषित बालक 1 तथा बालिका 3 कुल 4 बच्चे मिले तो वहीं गम्भीर कुपोषित बालक 1 बालिका 1सहित कुल 2 बच्चे पाए गये।

इसके साथ ही धात्री महिलाओं की ॠष्ट जांच भी की गई। दूसरे दिन दिनांक



17/05/026 को सिंहपुर पंचायत के किरहाई पोखरी एवं मडुलिहाई गांवों में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों के दौरान किरहाई पोखरी में 10 बच्चों की ग्रोथ मोनिटरिंग की गई, इस दौरान 1 बालक व 1 बालिका कुल 2 बच्चे मध्यम कुपोषित पाए गए तो वहीं 1 बालक गम्भीर कुपोषित मिला। इस बीच 8 महिलाओं की ॠष्ट जांच भी गई। मडुलिहाई गांव में 25 बच्चों के बृद्धि निगरानी के दौरान 5 बालक व 7 बालिका कुल 12 बच्चे मध्यम कुपोषित पाए गए तो वहीं 2 बालक व 4 बालिका सहित कुल 6 बच्चे गम्भीर श्रेणी की स्थिति में मिले। इस बीच 9 महिलाओं की ॠष्ट जांच की गई, जिसमें 5 महिलाओं में खून की कमी पाई गई। इनमें से सबसे कम शोभा पत्नी रामदयाल मवासी जिसका गर्भकाल 8 वां माह चल रहा है का हीमोग्लोबिन लेविल 5.2 ग्राम पाया गया।

इन 2 अलग-अलग तिथियों में 4 गांवों में लगाये गए स्वास्थ्य शिविरों के दौरान कुल 57 बच्चों का वजन जांच की गई, जिसमें कुल मध्यम कुपोषित बालक 5 व बालिका 7 कुल 12 एवं अति गम्भीर कुपोषित बालक 2 व बालिका 4 सहित कुल 6 बच्चे पाए गए। जिनकी स्वास्थ्य जांच सहित प्राथमिक उपचार किया गया तथा अति गम्भीर कुपोषित स्थिति में पाए गए बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र मझगवां एवं सतना में भर्ती कराने को कहा गया। RBSK सतना की स्वास्थ्य टीम में शामिल चिकित्सकों ने महिला, पुरुषों, बच्चों का मौसमी बीमारियों जिसमें खुजली, फो?ा, फुंशी, बुखार, पेट दर्द, शरीर में जलन व दर्द सहित अन्य बीमारियों का प्राथमिक उपचार किया।

इन स्वास्थ्य शिविरों में आरबीएसके सतना की टीम सहित सीएमओ भारती पांडेय एवं लक्ष्मी कुशवाहा, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर अर्चना रजक, एएनम सकुंतला सिंह, अर्चना सिंह, सेक्टर सुपरवाइजर अजीत सिंह, एमपीडब्ल्यु भईयामन सिंह, आंगनवा?ी कार्यकर्ता आरती श्रीवास्तव, पूनम पयासी, गु?िया मवासी, रेखा शिवहरे, सहायिका दुर्गा मवासी, आशा सहयोगनी रीना शर्मा, आशा कार्यकर्ता वंदना तिवारी, उमा गर्ग, शैलकुमारी त्रिपाठी सहित क्राई फैलो आनंद मझगवां की भूमिका रही।

# धूमधाम से मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

नवभारत न्यूज

**नागौद 17 मई। बरमैं क्षत्रिय कल्याण सेवा समिति की बैठक सुरदहा हवेली में सायं 6 बजे आयोजित हुई। इस बैठक में समिति द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों तथा कई महत्वपूर्ण सामयिक विषयों पर चर्चा हुई।**

> बरमैं क्षत्रिय कल्याण सेवा समिति की बैठक संपन्न, विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

बैठक में सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी जून महीने की 17 तारीख को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महाराज छत्रसाल की जयंती परंपरागत ढंग से आयोजित की जावेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिन सदस्यों ने अपने सदस्यता के नवीनीकरण की राशि एवं आयोजन संबंधी सहयोग राशि प्रदान नहीं की है, वह बैठक के पूर्व इसे पूरा करलें। जयंती आयोजन के विषय पर आगामी बैठक 25 मई को कुवंर प्रीतेन्द सिंह प्रीतू बाबा के निवास किला नागौद में सायं 5 बजे से आयोजित की जावेगी। आज की बैठक में समिति के सदस्यों की उपस्थित निम्नानुसार रही- - कुं प्रीतेंद्र सिंह प्रीतू बाबा, मनीष प्रताप सिंह राव साहब, विनीत सिंह बिन्नू सचिव, राणा प्रताप सिंह एड, ए पी सिंह प्राचार्य, जितेंद्र सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, बालेद्र सिंह, विनय सिंह, नारेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह, कमलेन्द्र सिंह, नरेंद्र सिंह, विमलेन्द्र सिंहअत्तू, जित्तू सिंह, अरुण कुमार सिंह तथा अन्य सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे।

# श्री गैवी नाथ धर्मशाला बिरसिंहपुर में नि :शुल्क नेत्र 20 को

## होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर 17 मई । सतना के भटनवारा वाले अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित श्री गैवीनाथ जी धर्मशाला बिरसिंहपुर द्वारा 20 मई बुधवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया है।**

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड चित्रकूट के सहयोग से समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल भटनवारा वालों के मार्गदर्शन में धर्मशाला परिसर में संपन्न होगा नेत्र शिविर में बिरसिंहपुर क्षेत्र के अलावा दूर दराज ग्रामीण इलाके के लोग भी विगत 14 वर्षों से लाभ प्राप्त कर रहे हैं

**दवाइयां एवं चश्मे का होगा नि:शुल्क वितरण**-माह की प्रत्येक



20 तारीख को आयोजित होने वाले नेत्र शिविर में योग्य चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच करके चश्मे प्रदान किए जाएंगे एवं दवाइयों का वितरण भी होगा। इस दौरान जो मरीज मोतियाबिंद से पीडति होंगे उन्हें संस्था वाहन से नि:शुल्क ऑपरेशन एवं लैंसप्रत्यारोपण हेतु श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड ले जाया जाएगा। कैंप को-ऑर्डिनेटर पंडित भीषम शुक्ला ने बताया कि नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु मरीजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ रखना चाहिएं।

# कांग्रेस ने मोहम्मद सोहराब को घोषित किया प्रत्याशी

## नगर परिषद वार्ड 13 चुनाव की सरगर्मी चरम पर ,आज नामांकन का अंतिम दिन

नवभारत न्यूज

**नागौद। नगर परिषद नागौद के वार्ड क्रमांक 13 के रिक्त पार्षद पद के उपचुनाव को लेकर सरगर्मी चरम है क्योंकि 18 मई 26 को नामांकन की अंतिम तिथि है। उल्लेखनीय है कि निर्दलीय पार्षद मोहम्मद सोहराब को माननीय न्यायालय ने पद से प्रथक करने के आदेश देने से यह सीट रिक्त हुई है ।**

इस सीट के लिए दोनों दल भाजपा कांग्रेस प्रयासरत हैं 2 जून को मतदान होगा 18 मई नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिवस है अभी तक किसी भी अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल नहीं किया यह वार्ड अनारक्षित है चार अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म लिए हैं भाजपा अभी तक अपना कैंडिडेट घोषित



नहीं किया है जबकि आज शाम कांग्रेस ने मोहम्मद सोहराब को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया।

**कांग्रेस जिला प्रभारी ने लिया बैठक** -कांग्रेस पार्टी की ओर से अधिकृत सतना जिला प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में संगठन एवं उपचुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुई कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा उपस्थित रहे ,स्थानीय कांग्रेस जनों की बैठक में प्रत्याशी चयन एवं चुनाव के हर बिंदुओं पर चर्चा हुई संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने तथा कांग्रेसजनों को सक्रिय करने पर चर्चा हुई बैठक में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर रश्मि सिंह गजेंद्र सिंह महेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस मुख्तार अहमद अध्यक्ष शहर कांग्रेस नागेश मिश्रा बाबूलाल चुहटेल पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन फिरोज आलम विनोद कुशवाहा अजय प्रजापति अजय सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सिराज खानदान की मजबूत दावेदारी-** इस वार्ड से तीन बार सिराजुद्दीन उर्फ सिराज के परिवार का प्रतिनिधित्व रहा है स्वयं सिराजुद्दीन उनकी पत्नी नूरजहां एवं पुत्र मोहम्मद सोहराब पार्षद रह चुके हैं इस बार भी चुनावी मैदान में कांग्रेस की ओर से इसी परिवार का दावा मजबूत है ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि उनके पुत्र मोहम्मद सोहराब अथवा रियाज उर्फ गोलू को कांग्रेस प्रत्यासी बना सकती है मोहम्मद नफीस माननीय न्यायालय के आदेश से बनाए गए पार्षद के अलावा चन्दी उर्फ मुस्ताक भी दौड़ में शामिल हैं।

**भाजपा से श्यामलाल हो सकते हैं उम्मीदवार**-भारतीय जनता पार्टी की ओर से गत चुनाव में अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो समीम बाबा को चुनाव में उतारा था लेकिन महज 28 मत जोड़ पाए पूर्व पार्षद मोहम्मद इस्लाम के नाम भी चर्चा है पार्टी से बगावत कर पिछली बार चुनाव लड़ने वाले ये श्यामलाल साहू को अपना प्रत्याशी भाजपा बना सकती है क्योंकि उन्होंने संतोषजनक वोट प्राप्त किया था मो समीम की दावेदार बताए जाते हैं।

### मोहम्मद सोहराब बने प्रत्याशी



नगर परिषद नागौद वार्ड नंबर 13 के उप चुनाव के कांग्रेस के प्रत्याशी चयन समिति ने नाम तय कर दिया और जिला अध्यक्ष सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने मोहम्मद सोहराब के नाम की घोषणा भी कर दिया है।

# मैहर-कटनी मार्ग का खेरवा सानी टोल प्लाजा बना हादसों का केंद्र

## सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों से फैलती है अव्यवस्था, लगता है जाम

नवभारत न्यूज

**अमदरा 17 मई। कटनी-मैहर मार्ग स्थित खेरवा सानी टोल प्लाजा में सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों सहित अन्य वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है।**

वाहन चालकों और स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल टैक्स भुगतान करने के बावजूद वाहनों को सुचारु यातायात सुविधा नहीं मिल रही, बल्कि घंटों सड़क पर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है।

बताया जा रहा है कि कई




वाहन चालक टोल प्लाजा के आसपास चाय-नाश्ते के लिए अपने ट्रक और अन्य वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। यह स्थिति राष्ट्रीय राजमार्ग के नियमों के विरुद्ध बताई जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस अव्यवस्था के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। कुछ दिन पहले एक बस भी अनियंत्रित होकर पलट गई थी, जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ गई थी। इसके बावजूद टोल प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHI) एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि टोल प्लाजा के आसपास सड़क किनारे खड़े वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, अवैध रूप से वाहन रोकने वालों पर जुर्माना लगाया जाए तथा यातायात व्यवस्था को तुरंत सुधारा जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।



# शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 17 मई। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सतना के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में श्री रामाकृष्ण कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड मैनेजमेंट के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पंकज पांडेय उपस्थित रहे।**

प्रोफेसर पंकज पांडेय ने विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन एवं उभरती प्रौद्योगिकी विषय पर अत्यंत रोचक एवं उपयोगी जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर इलेक्ट्रिकल विभाग की प्रोफेसर अनीता पांडेय एवं मैकेनिकल विभाग के प्रोफेसर इंद्रजीत चौधरी भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा उभरती प्रौद्योगिकी से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया।यह सत्र प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी श्री श्रीकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका समन्वय संस्थान के सिविल विभाग के प्राध्यापक श्री सौरव अग्रवाल द्वारा किया गया।

संस्थान की प्राचार्या ने इस सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए इसे विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण एवं उपयोगी पहल बताया।

# अंकित सिंह बरकछी को कांग्रेस ने बनाया सेमरवारा मंडलम अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**नागौद 17 मई। कांग्रेस पार्टी संगठन विस्तार के तहत सेमरवारा मंडलम अध्यक्ष पद पर अंकित सिंह बरकछी की नियुक्ति की गई है।**

पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अंकित सिंह बरकछी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत करने की उम्मीद जताई



है। नवनियुक्त मंडलम अध्यक्ष अंकित सिंह बरकछी ने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का कार्य करेंगे।

उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मैहर के अस्पतालों में चला विशेष स्वच्छता अभियान

नवभारत न्यूज

**मैहर 17 मई। कलेक्टर मैहर विदिशा मुखर्जी के निर्देशानुसार प्रत्येक शानिवार को जिले के सभी विकासखण्डों के शासकीय अस्पतलों में स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी क्रम में मैहर, अमरपाटन और रामनगर के सिविल अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभियान चलाकर व्यापक साफ-सफाई की गई। अस्पताल परिसर में वार्ड, परिसर, शौचालय सहित सभी स्थानों की सघन सफाई कर व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। नगर परिषद की टीम ने पूरे परिसर को चकाचक कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इसी प्रकार अमरपाटन और मैहर नगर पालिका परिषद द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रों के अस्पतालों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर मैहर ने जिले के सभी सीएमओ को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में वार्डों का नियमित रूप से प्रात: एवं सायंकालीन भ्रमण करें तथा साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अधिकारी भ्रमण के दौरान आमजन से संवाद करें, उनके सुझाव लें और जनसहभागिता से स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाएं।

# कोटर क्षेत्र के खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था

## लाखों क्विंटल गेहूं भीगने का आरोप

नवभारत न्यूज

**कोटर 17 मई। जिले के कोटर क्षेत्र में संचालित खरीदी केंद्रों पर समिति प्रबंधकों की लापरवाही और मनमानी के चलते किसानों का लाखों क्विंटल गेहूं लगातार हो रही बारिश में भीगने का आरोप लग रहे हैं।**

किसानों ने आरोप लगाया है कि खरीदी केंद्रों पर न तो पर्याप्त त्रिपाल की व्यवस्था की गई और न ही समय पर गेहूं का उठाव कराया गया, जिसके कारण खुले में रखा गेहूं खराब होने लगा है।

ग्रामीणों और किसानों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी



ध्यान नहीं दे रहे हैं। खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था के चलते किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। किसानों ने आरोप लगाया कि समिति प्रबंधकों की मनमानी के कारण उनकी मेहनत की फसल बर्बाद हो रही है, जबकि प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खरीदी केंद्रों पर तत्काल त्रिपाल और सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था कराई जाए तथा खराब हुए गेहूं की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की।

# शराब दुकानों से रेट लिस्ट गायब, मनमानी रेट पर बिक्री

## आबकारी विभाग और पुलिस के संरक्षण में गांव-गांव हो रही शराब की पैकारी

नवभारत न्यूज

**रामनगर 17 मई। मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र अंतर्गत रामनगर, गोरसरी, कर्रा की शराब की दुकानें लूट का अड्डा बन गई हैं, यहां एम आर पी से काफी अधिक रेट शराब बेची जा रही है इसीलिए दुकानों में रेट सूची भी चस्पा नहीं की गई है यही नहीं ठेकेदार द्वारा शराब गांव गांव शराब की पैकारी कराई जा रही है ।**

रामनगर, गोरसरी और कर्रा शराब की दुकान में ठेकेदार द्वारा मनमानी रेट में शराब की बिक्री की जा रही है । जिसमें सफेद पव्वा का प्रिंट रेट 65 से 75 है उसको ठेकेदार द्वारा?100 में




बिक्री कराई जा रही है . इसी तरह लाल का पव्वा जिसका प्रिंट रेट 80 से 90 रुपए है ठेकेदार द्वारा 120 रुपए में बिक्री कराई जा रही है।

शासन के गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक शराब की दुकान में रेट सूची चश्पा होनी चाहिए लेकिन दो महीने होने को है रेट सूची दुकान में चश्पा नहीं है। ठेकेदार द्वारा खुलेआम गांव गांव शराब की खेप पहुंचाई जा रही है इससे गांव की युवा नशे की ओर अधिक अग्रसर हो रहे हैं। जो कि शासन के द्वारा पैकारी पूर्णत: प्रतिबंधित है सिर्फ दुकान पर ही शराब बिक्री की जा सकती है लेकिन आबकारी विभाग सब जानते समझते हुए भी चुप्पी साधे हुए है।

ठेकेदार भरत भूषण तिवारी और मैनेजर राजेश गुप्ता जिम्मेदारों की मिली भगत से यह पूरा खेल खेल रहे हैं। शासन प्रशासन को खुले आम चुनौती दे रहा ठेकेदार सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है इस तरह के मनमानी करने वाले ठेकेदार के ऊपर कब कार्यवाही होगी या की इसी तरह चलता रहेगा ।